



# मुस्लिम लोहार पंच कमेटी ने सामूहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन

- रस्मों-रिवाज के साथ हुआ 17 जोड़ों का निकाह

**निवाली, ( नवभारत )।** नगर में मुस्लिम लोहार पंच कमेटी द्वारा रविवार को सामूहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 17 जोड़ों का निकाह रस्मों-रिवाज के साथ हुआ। सम्मेलन की खास बात यह रही कि मुस्लिम लोहार पंच कमेटी की ओर से सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी शुरू करने के लिए जरूरी सामान तोहफे के रूप में दिया गया। इसमें अलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग टेबल, कूलर, बर्तन और बिस्तर आदि कई जरूरी चीजें शामिल थी।

समाज की इस पहल का मकसद गरीब परिवारों पर से शादी के खर्च का बोझ कम करना और बेटियों को सम्मान के साथ विदा करना रहा। सेंधवा रोड़ स्थित सहयोग मैरिज गार्डन में आयोजित इस महफिल में समाज के हजारों लोग गवाह बने।

### खुशहाल भविष्य के लिए की दुआएं

आयोजन में न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। सुबह 10 बजे से ही मेहमानों का आवागमन शुरू हो गया था। मुस्लिम लोहार पंच कमेटी के सदस्यों ने बताया कि इस इज्तिमाई निकाह का मकसद समाज से फिजूलखर्ची को खत्म करना और एकता को बढ़ावा देना है।

निकाह के बाद आयोजित प्रीतिभोज में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रतिभोज किया। साथ ही नवविवाहित जोड़ों को मुबारकबाद देते हुए उनके खुशहाल भविष्य के लिए दुआएं की।

### प्रशासन और संस्थाओं का मिला विशेष सहयोग

इस भव्य आयोजन में नगर परिषद, पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा। जिन्होंने व्यवस्थाएं बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही नौजवान मुस्लिम कमेटी, सेंधवा के सदस्यों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर अपनी सेवाएं दी। आयोजन के अंत में मुस्लिम लोहार पंच कमेटी ने नगर परिषद, पुलिस प्रशासन और सेंधवा की टीम का आभार व्यक्त किया।

# टीईटी पूर्ण करने की अनिवार्यता करें खत्म...

**निवाली, ( नवभारत )।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पूर्ण करने की अनिवार्यता समाप्त किया जाए। साथ ही शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। इन मांगों को लेकर शनिवार को निवाली ब्लॉक के शिक्षकों ने रेस्ट हाउस से तहसील कार्यालय तक रैली निकाल कर नायब तहसीलदार अर्चना गिरवाल को ज्ञापन सौंपा।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले ब्लॉक स्तरीय रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। शिक्षक पात्रता परीक्षा के फैसले को और व्यावहारिक बताते हुए कहा कि जिन शिक्षकों की उम्र अब 50 से 55 साल के बीच है। उन्हें 30-35 साल तक सेवाएं दी हैं। उनसे दोबारा इसकी परीक्षा देने की अपेक्षा करना गलत है। साथ ही यह भी बताया कि पात्रता परीक्षा आदेश से प्रदेश के बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। जिससे उनके भविष्य पर संकट की स्थिति बनी हुई हैं। शिक्षकों ने मांग की है राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष मजबूती से रखते हुए पात्रता परीक्षा संबंधी आदेशों को निरस्त करें।

1 जुलाई 2018 से नवीन संवर्ग में शामिल शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना उनके वास्तविक प्रथम नियुक्ति से की जाए, ताकि उन्हें क्रमोन्नति, पेंशन और अन्य लाभ मिल सके। ज्ञापन में भी उल्लेखित किया कि वर्तमान स्थिति के कारण शिक्षकों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है और बड़ी संख्या परिवार प्रभावित हो रहे हैं तथा सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की मांग की गई है।



### मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन करेंगे तेज

संयुक्त मोर्चा के शिक्षकों ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे। साथ ही यह भी आह्वान किया कि समस्त शिक्षक 18 अप्रैल को भोपाल में आयोजित प्रदेश के धरने में भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हो और अपनी मांगों को बुलंद करेंगे। ज्ञापन का वाचन शीतल शर्मा ने किया। आभार संजय गुप्ता ने माना।

# ब्लॉक स्तर पर टीईटी अनिवार्यता का विरोध



**पानसेमल, ( नवभारत )।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने और नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देने की मांग को लेकर अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जिले में प्रदर्शन के बाद अब शिक्षकों ने ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन किया। ब्लॉक सहित अन्य स्थानों पर शिक्षक संगठनों के नेतृत्व में शिक्षकों ने रैली निकाल ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाएं कृष्ण मंदिर के समीप पार्क में एकत्रित हुए, जिसके बाद अपने अधिकारों को लेकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाल कर तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार सुनिल सिसौदिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि 30-35 साल सेवा दे चुके और 50-55 वर्ष की आयु के शिक्षकों से दोबारा परीक्षा देने की अपेक्षा करना अव्यावहारिक है। संगठन के शिक्षक अश्विनी मिश्रा ने टीईटी से होने वाले नुकसान को लेकर जानकारी दी। इस फैसले से प्रदेश लाखों शिक्षक प्रभावित होने की जानकारी देते हुए अध्यापक संयुक्त मोर्चा मप्र डीके सिंगौर ने बताया कि देश में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों के अधिकारों को लेकर एक महत्वपूर्ण कानूनी बहस सामने आई है। 1 सितंबर 2025 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और मनमोहन की दिसदस्यीय पीठ द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर दिए गए निर्णय ने इस मुद्दे को केंद्र में ला दिया है। यह निर्णय मुख्य रूप से टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट को पिछली तिथि से लागू करने के कारण देश भर के लाखों शिक्षकों के लिए चिंता का सबब बनने से सुर्खियों में है।

शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आव्हान पर 18 अप्रैल को भोपाल में प्रदर्शन करते हुए रैली निकालकर ज्ञापन सौंपेंगे।

प्रांतीय संयोजक अध्यापक शिक्षक

# संस्कार महोत्सव की तैयारी पूर्ण

- 13, 14 और 15 अप्रैल तक होगा तीन दिवसीय आयोजन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले के ग्राम मेरखेड़ी में अखिल विश्व गायत्री परिवार का 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार और व्यसन मुक्ति अभियान 13, 14 एवं 15 अप्रैल 3 दिवसीय आयोजन शुभारंभ आज दोप 2 बजे मंगल कलश यात्रा से होगा। शांतिकुंज प्रतिनिधि नरेंद्र ठाकुर, हरी प्रसाद चौधरी, बलराम यादव, युग गाता संगीत टोली का आगमन हो गया है।

चौधरी ने बताया कि बड़वानी जिले का आयोजन अपने आपमें अद्भुत होगा। जिला समन्वयक विक्रम जमरे, शक्ति पीठ साली टांडा के प्रबंधन ट्रस्टी नरेंद्र डावर ने बताया कि छोटी बिजासन सेंधवा से दोप 2 बजे सैकड़ों माता-बहने कलश धारण कर आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में युग निर्माण के नारों से जय घोष करते चलेगी। चलित झांकी डीजे आदिवासी नृत्य करते हजारों परिजन प्रस्तुति देकर यात्रा की शोभा बढ़ाएगी।

प्रांतीय प्रतिनिधि महेंद्र भावसार ने बताया कि सेंधवा के मुख्य मार्गों पर सामाजिक संगठन, व्यापारी, समाजजन, धर्म प्रेमी जनता द्वारा यात्रा का स्वागत करेंगे। आयोजन समिति प्रभारी, रमेश ब्रह्मणे, तहसील समन्वयक पप्पु चौहान, अनसिंग सोलंकी, दीपक, सुरसिंग सोलंकी, गुलाब, चिंटू किराड़े, कुचिया अलावे, शिला अहिरे, अपने-अपने दायित्व को निभा रहे हैं।



# योगा ग्रुप ने पक्षियों के लिए रखें अन्न-जल पात्र



**बड़वानी।** गर्मी की तपिश को देखते हुए प्रतिवर्ष शिवकुंज योगा ग्रुप विगत 5 वर्ष से शिवकुंज पर्यावरणीय पाठशाला में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं। इसी कड़ी में आज शिवकुंज योगा ग्रुप के सदस्यों ने पक्षियों के लिए अन्न एवं जल पात्र रखें तथा उसमें नियमित जल भरने की भी व्यवस्था सदस्यों द्वारा की गई। शिवकुंज योगा ग्रुप के संयोजक लव कुमरावत एवं सक्रिय सदस्य हीरा यादव, दीपक अग्रवाल, संदीप मुकाती, अंशुल महाजन, संजय सुगंधी, आशीष जोशी, सचिन दुबे ने बताया कि अभी हमने पक्षियों के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की है अगले चरण में पशुओं के लिए भी जल संचय कुंड का सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा जल भराव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर में

### सैमसंग ने टॉप माउंट फ्रीज़र रेफ्रिजरेटर्स तक बढ़ाया बीस्पोक एआई

इंदौर . सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई टॉप-माउंट फ्रीज़र रेफ्रिजरेटर लाइन-अप के विस्तार की घोषणा की है . यह नई रेंज भारतीय घरों में समझदारी भरी बिजली बचत और आधुनिक लुक लाने के लिए तैयार की गई है . रेफ्रिजरेटर्स की इस नई रेंज में 256 लीटर और 236 लीटर की क्षमता वाले चुनिंदा मॉडल्स वाई-फाई कनेक्टिविटी के साथ आते हैं, ताकि इन्हें स्मार्टथिंग्स ऐप के ज़रिए स्मार्टफोन से आसानी से कंट्रोल और मॉनिटर किया जा सके . सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज़ बिज़नेस के वाइस प्रेसिडेंट घुफरान आलम ने कहा भारत में सैमसंग के 30 साल पूरे होने के मौके पर, हम भारतीय ग्राहकों के लिए लगातार नए और बेहतर एनर्जी-एफिशिएंट समाधान ला रहे हैं . 300 लीटर से कम क्षमता वाले हमारे नए एआई-इनेबल्ड रेफ्रिजरेटर्स, जिनमें बीस्पोक एआई टॉप माउंट फ्रीज़र भी शामिल है, भारतीय घरों में स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी, मॉडर्न डिज़ाइन और बेहतर बिजली मैनेजमेंट की सुविधा देते हैं .

### मंत्रालय ने 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई

इंदौर पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता में काफ़ी बढ़ोतरी की है, ताकि देश भर में प्रवासी मज़दूरों और संवेदनशील समुदायों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन आसानी से और किफ़ायती दरों पर मिल सके . एक सक्रिय कदम उठाते हुए, मंत्रालय ने पूर्व आपूर्ति सीमा को हटा दिया है और 7 अप्रैल से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 5 किलोग्राम सिलेंडरों का रोज़ाना का आवंटन दोगुना कर दिया है . खासतौर पर शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए यह कदम बढ़ाया गया है . मंत्रालय ने सिलेंडर प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है . अब उपभोक्ता अपने पहचान पत्र जैसे आधार या पैन कार्ड तथा सेल्फ-डेक्लेशन के साथ सिलेंडर ले सकते हैं ; उन्हें पते का स्थायी प्रमाण प्रस्तुत नहीं करना होगा .

### सैमसंग ने वन यूआई 8 .5 बीटा प्रोग्राम का किया विस्तार

इंदौर . सैमसंग अपने वन यूआई 8 .5 बीटा प्रोग्राम का विस्तार और अधिक गैलेक्सी डिवाइसों तक कर रहा है . मार्च में वन यूआई 8 .5 बीटा[ 1 ] के विस्तार के बाद, अब यह प्रोग्राम गैलेक्सी एस23 सीरीज़, गैलेक्सी जेड फोल्ड5, गैलेक्सी जेड फ्लिप5, गैलेक्सी एस23 एफई और पहली बार ए-सीरीज़ के गैलेक्सी ए36 5जी सहित अन्य डिवाइसेस के लिए जारी किया जा रहा है . यह बीटा प्रोग्राम भारत, कोरिया, यूके और अमेरिका[ 2 ] जैसे चुनिंदा बाजारों में चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा . एंड्रॉइड के साथ अपने निरंतर सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग वन यूआई 8 .5 बीटा पर क्विक शेयर के माध्यम से एयरड्रॉप के लिए सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे गैलेक्सी एस25 सीरीज़, गैलेक्सी एस24 सीरीज़, गैलेक्सी जेड फोल्ड7, गैलेक्सी जेड फिलप7, गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और गैलेक्सी जेड फ्लिप6[ 3 ] जैसे चुनिंदा डिवाइसेस के उपयोगकर्ताओं के लिए क्रॉस-प्लेटफॉर्म फाइल शेयरिंग अधिक सुगम हो जाएगी .

### रुसान नेपेश किया अपोसान 3 एमएल मल्टी डोज पेन

इंदौर . रुसान हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड ने अपोसान 3 मिली मल्टी-डोज पेन पेश करने की घोषणा की है . यह एक डिलीवरी डिवाइस है, जिसमें एपोमॉर्फिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन कार्ट्रिज के रूप में दिया जाता है . इसका उपयोग पार्किंसन रोग (पी .डी .) के मरीजों में होने वाले 'ऑन-ऑफ' एपिसोड, यानी शरीर की हरकतों में अचानक आने वाले उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए किया जाता है . लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रुसान हेल्थकेयर की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मालविका कौर सक्सेना ने कहा, अपोसान 3 एमएल पेन एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अपोमॉर्फिन देने के लिए एक पोर्टेबल और बार-बार इस्तेमाल होने वाला भरोसेमंद विकल्प देता है . लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, रुसान फार्मा लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ . कुनाल सक्सेना ने कहा, अपोसान 3 एमएल पेन हमारे उस प्रयास को दर्शाता है, जिसके जरिए हम पार्किंस न के इलाज को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और उसे आसान बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं .

### शपथ विधि में सेवा कार्य करने का लिया संकल्प

इंदौर . इशरे इंदौर चैप्टर का शपथ विधि समारोह ब्रिलिएंट कन्वेशन सेंटर में आयोजित हुआ, जिसमे अध्यक्ष मंदार राजवाड़े ने शपथ ली . वर्षभर सेवा कार्य करने का संकल्प भी लिया . आयोजन में मितुल शाह ने अध्यक्ष मंदार राजवाड़े सहित पदाधिकारी को शपथ दिलाई . विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग सेवा कार्य करने का संकल्प भी लिया . इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अंकुश झवर विशेष रूप से उपस्थित रहे . मुख्य अतिथि निशांत गुप्ता ने कहा कि इशरे जैसे संगठन तकनीकी प्रगति और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाने का उत्कृष्ट उदाहरण हैं . आभार स्मिता जैन ने माना .

# हमें भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं : पटवारी

- पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का कैंसर फैला है - कांग्रेस



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आजादी के बाद 50 सालों तक अपने कार्यालय पर तिरंगा झंडा नहीं फहराने वाले देशभक्ति का पाठ पढ़ाएंगे? देशभक्ति के लिए भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है. राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान कांग्रेस की आत्मा में बसा है और वंदे मातरम गाकर कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी है. भाजपा बहस से बचने के लिए हर बार सांप्रदायिक बातें करके जनहित और शहर के मुद्दों से भागती है.**

उक्त बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में कही. आज दोपहर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मीडिया से कहा कि भाजपा पिछले तीन सालों से शहर में जनहित के मुद्दों से बहस से भाग रही है. पिछले तीन सालों में लगभग लगभग 7500 हजार, 8200 और 8400 करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया, लेकिन हद बार शहर की जनता के मुद्दों सड़क, ड्रेनेज, पानी, पर्यावरण पर बहस से भाग जाते हैं. कभी नमाज पढ़ने का, कभी वंदे मातरम् का मुद्दा बनाकर बहस करने से बचते है और बिना बहस के बजट पारित हो जाता है. राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान कांग्रेस की आत्मा में बसा है और कांग्रेस के अधिवेशन हो या अन्य कार्यक्रम राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान गाया ही जाता है. इसमें नया कुछ नहीं, बल्कि पहले से ही परंपरा है. राष्ट्रगीत गाकर कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी है. भाजपा को कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल खड़े करने का अधिकार नहीं है और ना ही कांग्रेस को भाजपा के सर्टिफिकेट की जरूरत है.

आपने कहा, भ्रष्टाचार का पूरे प्रदेश में कैंसर फेल चुका है. वल्लभ भवन की 5 वीं मंजिल पर भ्रष्टाचार के दलाल बैठे हैं, जो ट्रांसफर और पोस्टिंग की भी दलाली कर रहे हैं. प्रदेश में एक भी मंत्री ऐसा नहीं जो भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं हो. पटवारी ने चुनौती देते हुए कहा कि मैं हर मंत्री के भ्रष्टाचार का सबूत वो जहां बोले वहां आकर देने को तैयार हूं. आपने कहा, वंदे मातरम नहीं गाने का फौजिया शेख द्वारा सार्वजनिक तौर पर कहना पूर्णत: गलत है. रुबीना खान को लेकर मामला हमारे संज्ञान में है और पार्टी अनुशासन समिति जो मुझसे भी उपर है उनके भी संज्ञान में है और जो कार्रवाई एवं निर्णय होगा, आपको बताया जाएगा. शहर अध्यक्ष ने अपना काम कर दिया. उन्होंने मुस्लिम पार्षदों के मामले में कहा कि उनके कार्यकलाप की जानकारी पार्टी के संज्ञान में है और समय अनुसार कारवाई होगी.

### कांग्रेस देगी परिषद में बहस कराने का ज्ञापन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को निर्देश दिए है कि पिछले तीन सालों में बजट पर भाजपा ने बेवजह सांप्रदायिक मुद्दे लाकर परिषद में बहस नहीं कराई है और बिना बहस के बजट पारित कर दिया है. इसको लेकर संभागायुक्त डॉ. सुदामा खाड़े को ज्ञापन देकर शहर के जनहित मुद्दों पर बहस कराने के लिए ज्ञापन दे और मांग करे कि जनहित मुद्दों पर परिषद में बहस होना चाहिए.

# तलघर का पार्किंग में उपयोग नहीं करने पर निगम ने भवन किया सील

- सभी झोन में बहुमंजिला इमारतों का सर्वे और जांच जारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा शहर के सभी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित भवनों का सर्वे और जांच की जा रही है. उक्त जांच अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की जा रही है. अभी तक निगम अधिकारियों ने 14 भवनों को सील करने की कार्रवाई की है. साथ ही शहर के सभी वार्डों में सर्वे और जांच कार्य निरंतर जारी है.**

आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर गर्मी में संभावित अग्नि दुर्घटनाओं को लेकर सर्वे किया जा रहा है. सर्वे में फायर विभाग एवं भवन अनुज्ञा शाखा शहर के विभिन्न व्यावसायिक, शैक्षणिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सुरक्षा संबंधी जांच कर रहे है. इसके तहत आग लगने की स्थिति में बचाव हेतु जागरूकता एवं आपात स्थिति सुरक्षा करना मुख्य उद्देश्य है.

उपरोक्त विषय को लेकर नगर निगम के भवन अधिकारी एवं भवन निरीक्षक, भवन अनुज्ञा शाखा अग्नि सुरक्षा की जांच कर नोटिस दे रहे है. साथ ही भरी भीड़ जमा वाले क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के संबंध में सर्वे कार्य किया जा रहा है. अभी तक नगर निगम के सभी झोन में 432 भवनों का सर्वे किया गया। 282 भवनों में अग्नि सुरक्षा उपकरण लगे पाए गए, जिनमें 50 उपकरण बंद पाए गए है और 133 भवनों में अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे हैं. साथ ही ऐसे भवनों जिनमें अग्नि सुरक्षा उपकरण नहीं लगे अथवा उपकरण बंद है. उन भवन स्वामियों और रहवासी संघ को नोटिस जारी किए है. अभी तक 101 भवन मालिक और संचालकों को नोटिस जारी किए जा चुके है. ऐसी बिल्डिंग जिनमें अग्नि सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है अथवा अग्नि सुरक्षा उपकरण बंद मिले हैं. तलघर का पार्किंग में उपयोग नहीं किया जा रहा हैं. ऐसे 14 भवनों को सील करने की कार्यवाही की गई है.

# इंदौर मंडियों में नई व्यवस्था, अब आधार नंबर के बिना प्रवेश पर्ची नहीं

- ई-मंडी ऐप अब किसानों का बना साथी

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** कृषि उपज मंडी समिति इंदौर द्वारा किसानों के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है. अब लक्ष्मीबाई नगर मंडी, संयोगितागंज मंडी तथा देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण में कृषि उपज विक्रय हेतु आने वाले सभी किसानों को प्रवेश पर्ची बनवाने के लिए मोबाइल नंबर के साथ आधार नंबर देना अनिवार्य किया. यह व्यवस्था प्रदेश स्तर के निर्देशों के तहत लागू की गई है.

मंडी समिति ने बताया कि किसानों को वे अपने आधार कार्ड की फोटो अपने मोबाइल में सुरक्षित रखें या उसकी फोटोकॉपी साथ लेकर आएं, ताकि प्रवेश पर्ची बनवाते समय आसानी रहे. मंडी सचिव के अनुसार इंदौर की तीनों मंडियों में ई-मंडी प्रणाली लागू है, जिसके तहत किसान ई-मंडी ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपने वाहन की प्रवेश पर्ची स्वयं भी जारी कर सकते हैं. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आधार नंबर या वैध पहचान उपलब्ध न होने की स्थिति में प्रवेश पर्ची जारी नहीं की जाएगी, जिससे कृषि उपज की नीलामी प्रभावित हो सकती है.

# मेट्रो का गांधी नगर से मालवीय नगर तक ट्रेक टेस्टिंग

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज मेट्रो का दो रैक से ट्रेक टेस्टिंग किया गया. सूत्रों के अनुसार वैसे यह रूटीन तकनीकी टेस्टिंग है, जिससे ऑपरेशन में कोई दिक्कत नहीं आए.**

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल का इंदौर में 17 किलोमीटर ट्रेक बनकर तैयार है. दूसरे चरण में मेट्रो सुपर कॉरिडोर से मालवीय नगर का 11 किलोमीटर ट्रेक बनकर तैयार हो चुका है. दूसरे चरण के एसएमआरएस से एनओसी भी मिल गई है। दूसरे चरण का एलिवेटेड लाइन कॉरिडोर पिछले दिनों पूरा हो चुका है. कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी ने दिल्ली से 27 मार्च को मेट्रो को पूरे 17 किलोमीटर ट्रेक पर चलाने के अनुमति दे दी है. इसके बाद मेट्रो रेल का गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहे तक चलाने का रास्ता साफ हो गया है.



**तकनीकी और ऑपरेशन का टेस्ट**-दूसरे चरण के ट्रेक पर आज मेट्रो रेल का दो रैक से रूटीन टेस्ट किया गया. आज करीब पूरे ट्रेक पर मेट्रो को हर तरह से तकनीकी और ऑपरेशन का सफलता पूर्वक टेस्ट किया गया. अब इंतजार है तो सिर्फ कमर्शियल रन शुरू होने का.